>

Title : Need to constitute a Central team for reviewing the BPL list in Gujarat.

श्री कुँवरजीभाई मोहनभाई बावलिया (राजकोट): गुजरात राज्य में बीपीएल बोर्ड धारकों की संख्या का सही आंकलन नहीं होने के कारण जिलों के ग्रामीणों को केन्द्र की योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा गरीबों की संख्या में कटौती करने के साथ कार्ड धारकों की संख्या बढ़ने के स्थान पर घटने का आंकलन किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों के दौरान गरीबों की संख्या में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के जिलों में अत्यधिक वृद्धि हुई है तथा वास्तविक रूप से बीपीएल कार्ड धारकों की संख्या में वृद्धि होनी चाहिए, लेकिन राज्य सरकार द्वारा ऐसा कुछ नहीं किया गया है। इसलिए केन्द्र द्वारा इसके लिए सही बीपीएल कार्ड धारकों की संख्या का आंकलन करने हेतु एक केन्द्रीय टीम का गठन कर राज्य के ग्रामीण जिलों में गरीबों की संख्या तथा कार्ड बनाने हेतु गरीबों के हितों की रक्षा की जाए जिससे उन्हें केन्द्रीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

---

* Treated as laid on the Table